तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 सितंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 भरचट्टी में नाली निर्माण के लिए जनपद अध्यक्ष चंन्देल ने किया भूमिपूजन



13 राशन दुकान संचालकों की खाद्य विभाग से हुई चर्चा...



## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 588 मिमी औसत बारिश दर्ज

**बेमेतरा।** चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 26 सितंबर तक की स्थिति में सवेरे 8 बजे तक जिले में 588.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील साजा में 726 मि.मी. तथा न्यूनतम 420.5 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 570.6 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 525.6 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 626.5 मि.मी., देवकर तहसील में 712 मि.मी, वर्षा थानखम्हरिया तहसील मे 500 मि.मी., वर्षा भिंभौरी. तहसील में 507.8 मि.मी. एवं दाढ़ी तहसील में 704.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### बोदल में कबड्डी प्रतियोगिता कल

**बालोद/कलंगपुर।** नवयुवक कबड्डी क्लब एवं ग्रामवासी बोदल के तत्वावधान में 28 सितंबर को एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। सभी मैच मैट पर खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ 28 सितंबर को दोपहर 2 बजे से होगा। कैलाश साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता कबड्डी टीमों के लिए प्रथम पुरस्कार 5 हजार रूपये, द्वितीय 4 हजार रुपए, तृतीय 3 हजार रुपये, चतुर्थ 2 हजार रुपये, पंचम 15 सौ रुपए एवं षष्ठम एक हजार रुपये नगद पुरस्कार रखा गया है।

### उत्कृष्ट नवाचारी शिक्षक सृजन सम्मान समारोह 6 को

**बालोद।** नावल टीचर्स क्रिएटिव फाउंडेशन के तत्वावधान में विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट नवाचारी शिक्षक सृजन सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। कार्यक्रम 6 अक्टूबर रविवार को प्रातः 11 बजे से कला केंद्र बालोद में आयोजित किया गया है। एनटीसीएफ अध्यक्ष अरूण कुमार साहू ने बताया कि शिक्षकों में अध्यापन अभिरूचि एवं अन्य शैक्षिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उत्कृष्ट नवाचारी शिक्षक सृजन सम्मान के लिए चयनित शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा। इसके तहत जिले के प्रत्येक विकासखण्ड के प्राथमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी स्तर पर 2–2 शिक्षकों एवं संस्था प्रमुख को प्रविष्टि के आधार पर सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त शैक्षिक गतिविधियों स्काउट गाइड, जूनियर रेडक्रास, ईको क्लब स्पोर्ट्स, विज्ञान, साहित्य, सांस्कृतिक क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए भी शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा। प्रविष्टि की अंतिम तिथि 2 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

### मालगाड़ी में पत्थरबाजी के मामले में एक अपचारी बालक पकड़ाया

**कुसुमकसा।** मालगाड़ी में कुसुमकसा रेलवे स्टेशन के पास हुई पत्थरबाजी के मामले में रेलवे पुलिस ने एक अपचारी बालक को पकड़कर बाल न्यायालय के समक्ष पेश किया। गौरतलब है कि इस घटना में मालगाड़ी के पायलट थानेश्वर सिंह के सिर में गंभीर चोट आई थी, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। उसके बाद दूसरे पायलट की व्यवस्था कर ट्रेन को रवाना किया गया था। संजीव कुमार सिन्हा थाना प्रभारी आरपीएफ दुर्ग से मिली जानकारी के अनुसार 25 सितंबर को करीबन 14.22 बजे सुरक्षा नियंत्रण कक्ष रायपुर से प्राप्त मैसेज नं 400 के आधार पर पोस्ट प्रभारी के नेतृत्व में सहायक उप नि के वर्मा व स्टाफ के साथ 14.30 बजे सड़क मार्ग से घटना स्थल के लिए रवाना हुए। चूंकि घटना स्थल रेसुव पोस्ट दुर्ग से लगभग 60 किमी दूर होने के कारण पोस्ट प्रभारी रेसुब पोस्ट दल्लीराजहरा को घटना स्थल पर स्टाफ भेजने हेतु सूचित किया गया। उक्त घटना की सूचना दल्ली राजहरा पुलिस थाना के प्रभारी को भी दी गई।

# हुनर ऐसा भी, स्वच्छता दीदियां कचरे में मिले वेस्ट से बना रहीं बेस्ट सजावटी सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

डोर टू डोर कचरा कलेक्शन से उपयोगी और सजावटी वस्तुएं भी बनाई जा सकती हैं और अतिरिक्त आमदनी भी की जा सकती है। अगर यह हुनर देखना या सीखना है, तो आपको बेमेतरा ज़िले के ब्लॉक बेरला आना पड़ेगा। ज़िले के नगर पंचायत बेरला में स्वच्छता दीदियाँ रोजाना डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कर रही हैं। ये दीदियां कचरा कलेक्शन के दौरान प्राप्त कपड़े से वेस्ट टू वंडर के अतंर्गत घरेलू साज-सज्जा और उपयोगी सामग्री डोरमैट, परदा, कवर, मैट, थैला-झोला आदि बना रही हैं। वे मांग के अनुसार स्थानीय बाजार में स्टॉल लगाकर विक्रय भी कर रही हैं। इससे उन्हें अतिरिक्त आमदनी भी हो रही है। निकाय के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा दीदियों के हुनर को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मालूम हो कि अधिकांश लोगों को घर में उपलब्ध कचरे से उपयोगी और सजावटी वस्तुओं को बनाने के बजाय उन्हें फेंकना उनके लिए सबसे सरल और अच्छा लगता है। घर पर रोजाना ढेर सारा कचरा पैदा होता है । जैसे फटे-पुराने कपड़े, नारियल के छिलके, पुराने अखबार, कांच के जार, प्लास्टिक की बोतलें और गत्ते के डिब्बे आदि। इन सभी का उपयोग रचनात्मक तरीके से आंतरिक सज्जा को सजाने के लिए भी किया जा सकता है।

### डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन से सफाई भी, आमदनी भी

#### अलग-अलग करती हैं सूखा-गीला कचरा

महिलाएं डोर टू डोर कचरा कलेक्शन एवं अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों को बखूबी अंजाम दे रही हैं। महिलाएं सूखे एवं गीले कचरे को अलग-अलग करने करती हैं। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, वर्मी कम्पोस्ट एवं अपशिष्ट प्रबंधन के लिए चयनित किया गया है। इसी में से प्लास्टिक वेस्ट भी अलग से निकालकर इसे अन्य जिलों के लिए बनाए गए एक सेंटर में भेजेंगे। वहां इसे गलाकर इसका उपयोग अन्य कार्यों के लिए किया जाता है।



#### डोर टू डोर कचरा कलेक्शन

बेस्ट आउट-ऑफ-वेस्ट का सीधा सा मतलब है कि ऐसी सामग्री से कुछ नया और आकर्षक बनाना जो किसी काम का न हो। कचरे से बने सामानों से कोई भी अपने घर को सजा सकता है। जैसा कि मालूम है कि नगर निगम, नगर पालिका के बाद अब पंचायतों में भी डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का काम शुरू हो गया है। इसके लिए जन-जागरूकता बढ़ाने के लिये महिलाओं के स्व-सहायता समूह आगे आ रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ग्रामों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का काम शुरू हो चुका है।

कार्रवाई : साजा विकासखंड की परपोड़ी थाना पुलिस ने चार आरोपियों को दबोचा

# एक ही ट्रक में ठूंस-ठूंस कर भरे गए 27 मवेशी कत्लखाना पहुंचने से बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ मुखबिर की सूचना पर ग्राम तिरियाभाठ में गौरक्षकों के सहयोग से की कार्रवाई

पुलिस ने गौरक्षकों के सहयोग से 27 मवेशियों को कत्लखाना ले जाने से बचाने में सफलता प्राप्त की है। वहीं, इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि वाहन चालक फरार हो गया।

चार आरोपियों में नकुल साहू पिता स्व. नेतराम साहू उम्र 36 साल, इंदु निषाद पिता बुद्धु निषाद उम्र 60 साल ,मिथलेश बघेल पिता दुखित बघेल उम्र 30 साल बेमेतरा जिले के साजा विधानसभा क्षेत्र के थाना परपोडी ग्राम तिरियाभाठ के निवासी हैं, जबकि मनोज सतनामी पिता टीकम दास उम्र 33 साल ग्राम भंडारपुर थाना सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम का रहने वाला है।

चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि, वाहन चालक मौके से भाग गया, जिसकी तलाश की जा रही है। सभी आरोपियों के विरुद्ध पशु क्रुरता अधिनियम 1960 की धारा 11, छ.ग. पशुओं का परिवहन अधिनियम 1978 की धारा 47 (A), 47 (C), 49 (A), 54 (1)(2) (3), 55 (A), तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 का अपराध दर्ज न्यायालय में न्यायिक रिमांड में पेश किया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार साजा क्षेत्र के थाना परपोड़ी पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम तिरियाभाठ के नकुल साहू के ब्यारा में मवेशियों को कत्लखाना ले जाने के लिये वाहन में भरा जा रहा है।

उक्त सूचना पर पहुंचकर पुलिस टीम ने छापामार कार्रवाई की। वहां चार पहिया वाहन 1109 ट्रक क्रमांक एमएच 40 सीडी 4958 में गोवंश को कत्लखाना ले जाने के लिए भरा जा रहा था। पुलिस ने गौरक्षकों के साथ घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा। आरोपियों से वाहन चालक एवं वाहन स्वामी के संबंध में पूछताछ करने पर उसका नाम पता मालूम नहीं होना बताया गया।

### वाहन चालक फरार, तलाश जारी




### पशु क्रूरता अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई

इस दौरान ट्रक की जांच करने पर उसमें कृषक खेतीहर मवेशी बछड़ा एवं दुधारु गाय, बछिया सहित कुल 27 मविशेयों को बिना चारा पानी के ठूंस ठूंस कर कूरता पूर्वक कत्लखाना ले जाने परिवहन करते पाया गया। चारों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया ओर कृषक पशु परीक्षण अधिनियम 2004, पशुओं क्रूरता अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्रवाई में थाना परपोडी प्रभारी उप निरीक्षक डी. एल. सोना, सउनि छोटेलाल बंजारे, प्रधान आरक्षक डामेश्वर राजपूत, आरक्षक पुरूषोत्तम कुम्भकार, अर्जुन धुर्वे एवं अन्य थाना स्टाफ शामिल रहे।

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की हड़ताल आज, स्वास्थ्य संयोजकों ने भी दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ उप स्वास्थ्य केंद्रों में भी प्रभावित रहेंगी सेवाएं

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर 27 सितम्बर को हड़ताल पर रहेंगे। उनके समर्थन में स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ भी हड़ताल में शामिल होंगे। जारी प्रेस बयान में बताया गया बेमेतरा जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ सभी बीईटीओ ,एमपीएस, एलएचवी ओर ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला व पुरुष हड़ताल पर रहेंगे।

ज्ञात हो कि बीते दिनों फेडरेशन के संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने जिला मुख्यालय में मशाल रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा गया था ओर मांगे पूरी नहीं होने पर 27 सितंबर शुक्रवार हड़ताल पर रहने की चेतावनी दी थी। इस मामले में स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने बैठक आयोजित कर हड़ताल में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहकर आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान अपने कर्मचारी साथियों से किया है। हड़ताल करने की मुख्य वजह छत्तीसगढ़ में कार्यरत कर्मचारियों-अधिकारियों को मोदी की गारंटी के अनुरूप केंद्र के समान देय तिथि से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता, जुलाई 2019 से देय तिथि पर लंबित भत्तों के एरियर्स राशि का जीपीएफ़ खाते में समायोजन करने एवं मध्यप्रदेश की भांति 300 दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण ,चार स्तरीय समयमान वेतनमान ,केंद्र के समान गृह भाड़ा भत्ता स्वीकृत करने के वादे शामिल है स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राजेश जायसवाल और ज़िला मीडिया प्रभारी रेवेन्द्र चन्द्राकर ने कहा कि मोदी की गारंटी पूरे देश में लागू है, तब छत्तीसगढ़ में क्यों नहीं? छत्तीसगढ़ प्रदेश के लाखों कर्मचारियों के मन में उम्मीद जागी है कि मोदी की गारंटी यहाँ भी लागू हो और सभी मांगो पर प्रदेश की सरकार सकारात्मक निर्णय लेकर कर्मचारी हित में फैसला ले। इसी के परिप्रेक्ष्य में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के समर्थन में 27 सितंबर को स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के 18000 कर्मचारी सेवाएं स्थगित कर आंदोलन में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि हड़ताल से स्वास्थ्य की जरूरी सेवाओं में संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, गर्भवती जांच, आयुष्मान कार्ड निर्माण, सिकलसेल जांच, हीमोग्लोबिन जांच, टीबी स्पुटम जाँच, कुष्ठ सर्वे, ओपीडी में दी जाने वाले प्राथमिक उपचार जैसी सेवाएं प्रभावित रहेंगी।

# हथौड़ी से सिर पर किया वार, आरोपी गिरफ्तार

### थाना खम्हरिया पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

थाना खम्हरिया पुलिस टीम ने लोहे की हथौडी से सिर पर वार कर चोट पहुंचाने के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने बताया कि प्रार्थी पनमेश्वर निषाद उम्र 25 साल ग्राम सैगोना थाना खम्हरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 24 सितंबर के दिन सामुदायिक भवन सैगोना में काम करने गया था। साथ में पिता हृदय राम निषाद भी काम पर गए थे। समुदायिक भवन से लगा हुआ गनपत निषाद का मकान है, जहां पर अपने परिवार को गनपत अश्लील गालियां दे रहा था। इस पर मेरे पिता हृदय निषाद ने गाली देने से मना किया। इस पर गनपत निषाद ने सामुदायिक भवन में आकर समझाने वाले कौन हो कहते हुए पिता जी से ही गालीगलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी देते हुए लोहे की हथौड़ी से उनके सिर पर वार कर दिया। इससे मेरे पिताजी बेहोश होकर गिर गए। उन्हें उठाकर जिला अस्पताल बेमेतरा में भर्ती कराया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी गनपत निषाद पिता मोहित निषाद उम्र 25 साल निवासी सैगोना थाना थान खम्हरिया जिला बेमेतरा के विरूद्ध अपराध घटित करना का सबूत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### शासकीय प्राथमिक शाला जामगांव में बच्चों को किया गया जागरुक

# अनजान लोगों से न कोई सामान लें, न उनके साथ जाएं : सुनीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला जामगांव, विकासखंड बेरला में गुरुवार को 'संकल्प' एक गैर-सरकारी संस्था से सुनीता साहू ने शाला के बच्चों के लिए जागरुकता अभियान चलाया।

इस दौरान उन्होंने बच्चों को फिजिकल एजुकेशन के अंतर्गत गुड टच बेड टच के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हमारे शरीर के कुछ निजी अंग जिसे हमें किसी को भी छूने नहीं देना चाहिए। इसे हम ढक कर रखते हैं। बचपन में केवल हमारी मां नहालते हुई छू सकती थी। लेकिन अब कोई भी नहीं छू सकता।



हमें अजनबियों से कोई भी सामान नहीं लेना चाहिए साथ ही उनके साथ नहीं जाना चाहिए। साथ ही सेफ़्टी नेटवर्क के बारे में बताया गया कि किस प्रकार हम अपने भरोसेमंद आदमी की सहायता मुसीबत के समय ले सकते हैं, जो हमारे परिवार या हमारा दोस्त हो सकता है। बच्चों को उनके शरीर के अंगों की देखभाल के बारे में बताया गया। शिक्षक सावित्री साहू ने बताया कि जब हम मुसीबत में हों, तो जोर-जोर से चिल्लाना चाहिए। बच्चों के बाल अधिकार के बारे में बताया गया कि उनके 6 से 14 वर्ष तक निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार मिला हुआ है। बच्चों की सहायता के लिए कानून एवं चाइल्डलाइन हेल्पलाइन 1098 के बारे में बताया गया। शाला के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टिकेंद्र साहू के द्वार इसे एक बहुत अच्छी पहल बताया गया। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक जसपाल साहू, सहायक शिक्षक सुरेंद्र पाल सिंह यादव, सावित्री साहू, संतोष साहू, प्रमिला बघेल उपस्थित रहे।

जिला मुख्यालय की दो स्कूलों और पीजी कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

# कलेक्टर शर्मा ने विद्यार्थियों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने किया गया प्रेरित

ज़िला मुख्यालय बेमेतरा की दो प्रमुख स्कूलों सरस्वती शिशु मंदिर और शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहित पीजी कॉलेज बेमेतरा में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करना और समाज को नशा मुक्त बनाना था।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बच्चों को समझाया कि नशा न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करता है, बल्कि समाज और परिवार को भी गंभीर संकट में डालता है। उन्होंने विद्यार्थियों को आह्वान किया कि वे अपने जीवन में नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नशा न करने और इसके खिलाफ अभियान चलाने की शपथ ली। उन्होंने यह संकल्प लिया कि वे खुद नशे से दूर रहेंगे और अपने परिवार, दोस्तों व समाज को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, उप संचालक, समाज कल्याण विकास, बरखा कासू, ज़िला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे, डीएमसी एन. वर्मा, स्कूलों और कॉलेजों के प्रधान पाठक, प्राचार्य, प्रिंसिपल, शिक्षकगण, अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे।




सभी ने नशा मुक्त समाज बनाने की दिशा में सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई। कलेक्टर ने कार्यक्रम के अंत में यह भी कहा कि यह अभियान निरंतर चलता रहेगा और जिले के हर नागरिक तक नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाया जाएगा।

### कुछ दिन पहले बनी सीसी सड़क हुई जर्जर, टेकेदार को नोटिस

**डौंडीलोहारा।** 26 सितंबर को वार्ड क्रमांक 12 में उपाध्यक्ष विद्या शर्मा तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी चौबे ने नालियों व गलियों की साफ सफाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों ने आक्रोशित होकर बताया कि नरेन्द्र कुमार सिन्हा के घर के पास सी.सी.रोड जो हाल ही में बना, वह जर्जर हो गया है। इस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उक्त वार्ड में अन्य कार्यों का कार्यादेश जारी हो चुका है, किन्तु ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, उन्हें भी नोटिस जारी करने को कहा गया। इसी प्रकार अन्य वार्डों में जो कार्य प्रारंभ नहीं किए गए हैं, उन्हें भी नियमानुसार निरस्त करने की कार्यवाही किए जाने की बात सीएमओ द्वारा कही गई।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

**खबर संक्षेप**



### अपेक्स बैंक की नवीन शाखा खोलने का मिला लाइसेंस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) की 25 वी वार्षिक आमसभा बुधवार को हुई। अपेक्स बैंक के प्राधिकृत अधिकारी कुलदीप शर्मा (आईएएस) द्वारा बैंक की वित्तीय पत्रक प्रस्तुत करते हुए कहा कि, अपेक्स बैंक की अंशपूजी 218.13 करोड़, निधियां (रिजर्व) 640.48 करोड़, ऋण एवं अमानत राशि 8440.88 करोड़, स्वयं की निधियां 429.27 करोड़ है। इस वर्ष अपेक्स बैंक 36.32 करोड़ लाभार्जन किया। उन्होंने कहा कि, रिजर्व बैंक से अपेक्स बैंक की तमनार तथा बगीचा में नवीन शाखा खोलने की अनुमति मिल गया।

### अनियमित संगठनों को सदस्य बनाने सांसद बघेल ने सीएम को लिखा पत्र

**रायपुर।** बीजेपी घोषणापत्र मोदी गारंटी में सभी संगठनों के दो-दो पदाधिकारी को अनियमित कमेटी (बारीक कमेटी) में सदस्य बनाने का वादा किया गया है। बारीक कमेटी के गठन को हुए 5 माह होने जा रहे हैं, परंतु इस दिशा में कोई भी प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई है। अधिकारियों की अनदेखी से भाजपा सरकार की छवि धूमिल हो रही है। दैनिक श्रमिक मोर्चा ने इस संबंध में भाजपा सांसद विजय बघेल एवं तत्कालीन संयोजक घोषणापत्र समिति भाजपा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। मोर्चा ने सांसद श्री बघेल को अवगत कराया कि अनियमित कर्मचारियों में 18 अलग-अलग प्रकार के कर्मचारी हैं। इनमें सभी का नियमितीकरण स्थाईकरण संभव नहीं है।

### रोहिणीपुरम तालाब परिसर में चलाया सफाई अभियान



**रायपुर।** श्रीश्री रविशंकर द्वारा स्थापित संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों ने गत दिनों को रोहिणीपुरम तालाब परिसर में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान संस्था के 40 से ज्यादा सदस्यों ने 4 घंटे तक परिसर की सफाई की। ये अभियान आगामी कुछ हफ्तों तक लगातार जारी रहेगा।

### सिविल लाइन में चलाया सदस्यता अभियान



**रायपुर।** बीजेपी का महासदस्यता अभियान में बुधवार को बूथ नंबर 18 सिविल लाइन वार्ड रायपुर दक्षिण विधानसभा में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुनील सोनी, जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ, मंडल अध्यक्ष मुकेश पंजवानी, डा. एनडी गजवानी, बॉबी खनूजा, तोषण साहू, खिलेश्वरी यादव, सुनीता तिवारी, मानसी साहू उपस्थित थे।

# बीएससी नर्सिंग की 5368 सीटें बाकी, दूसरे राउंड में 240 अभ्यार्थियों को मिला आवंटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

पचास प्रतिशत न्यूनतम अंक के साथ बीएससी नर्सिंग के एडमिशन के पहले राउंड के बाद 5368 सीटें बाकी है और दूसरे राउंड में 240 अभ्यार्थी को सीटें आवंटित की गई है। 27 सितंबर तक कुछ एडमिशन के बाद बड़ी संख्या में सीटें खाली रहने की आशंका है। बीएससी के साथ एमएससी और पोस्ट बेसिक नर्सिंग की सीटों का भी कुछ ऐसा ही हाल है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा पहले राउंड की काउंसिलिंग पूरी होने के बाद दूसरे दौर के लिए बीएससी नर्सिंग के साथ अन्य पाठ्यक्रमों की बाकी बची सीटों के लिए आवंटन सूची जारी की है। सूची में शामिल अभ्यार्थियों को 27 सितंबर तक एडमिशन देने का वक्त दिया गया है। पिछली बार ही तरह इस बार भी पचास प्रतिशत न्यूनतम अंक से प्रवेश के नियम की वजह से बड़ी संख्या में बीएससी की सीटें खाली पड़ी है। राज्य में बीएससी की 7221 सीटों के लिए 4026 लोगों की पहली आवंटन सूची जारी की गई थी। इनमें 2263 लोगों के प्रवेश लिया जिसके बाद शासकीय कालेज की 126 और निजी कालेजों में 5242 सीटें खाली रह गई थी।

सरकारी और प्रायवेट कालेज मिलाकर खाली सीटों की संख्या 5368 है जिसके लिए पात्र अभ्यार्थियों की संख्या 240 है जिसमें से आधे से भी कम लोगों द्वारा प्रवेश लिए जाने की संभावना है। इसके बाद मॉपअप राउंड में नया पंजीयन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी जिसमें न्यूनतम अंक के नियम में संशोधन किए जाने की संभावना है।

**27 तक एडमिशन, बड़ी संख्या में खाली रहेंगी सीटें**

**एमएससी में 210, पोस्टबेसिक में 114**

इसी तरह एमएमसी नर्सिंग के दूसरे राउंड के लिए 210 लोगों को सीटों का आवंटन किया है और रिक्त सीट 640 है। पोस्ट बेसिक नर्सिंग के 114 लोगों को सीट अलॉट हुई है और पहले राउंड के बाद 390 सीट खाली है। इनमें शासकीय कालेजों में एडमिशन तो पूरी होने की संभावना है मगर निजी कालेजों की सीट बड़ी संख्या में खाली रहने के आसार है।



**एमएससी, पोस्ट बेसिक नर्सिंग का भी ऐसा ही हाल**

**नियम बदला तो राहत**

सूत्रों के मुताबिक बीएससी नर्सिंग की सीटों में एडमिशन के लिए बड़ा पेंच प्रवेश परीक्षा में 50 फीसदी न्यूनतम अंक का होता है। इस बार भी खाली सीटों में प्रवेश के लिए नियम में बदलाव किया जाता है, तो 80 से 90 फीसदी सीटें भर जाएगी। व्यापमं द्वारा इसके लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में 13463 अभ्यार्थी सफल हुए थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नवागढ़ में त्रि-शताब्दी जयंती आयोजन समिति ने रखा कार्यक्रम

# युग प्रवर्तक नारी थीं महारानी अहिल्याबाई होलकर : अवधेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

बुधवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नवागढ़ में अहिल्याबाई होलकर त्रि-शताब्दी जयंती आयोजन समिति बेमेतरा के तत्वावधान में विकासखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में समिति के संयोजक अवधेश पटेल ने बताया कि महारानी देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वी जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा से गठित त्रि-शताब्दी आयोजन समिति के द्वारा समाज के विभिन्न वर्ग में जाकर देवी अहिल्याबाई के विषय में जानकारी दी जा रही है। वर्ष 1724 में जन्म लेने वाली रानी अहिल्याबाई होलकर एक युग प्रवर्तक नारी थी। सामान्य परिवार में जन्म लेने के बावजूद कुशल प्रशासिका संवेदनशील नारी हृदया, धर्म परायणा,उत्तम प्रबंधक, बुद्धिमत्ता से संपन्न,जल जंगल जमीन की चिंता करने वाली महिला थी ।

उन्होंने कहा कि पति एवं ससुर की मृत्यु के बाद भी पूर्ण धैर्य और सूझबूझ से इंदौर राजघराने का प्रबंधन भली-भांति किया । भारत के लगभग 200 जीर्ण शीर्ण प्राचीन




मंदिरों का पुनरुद्धार किया । द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिरों का संवर्धन एवं संरक्षण किया . काशी विश्वनाथ मंदिर का वर्तमान स्वरूप रानी अहिल्याबाई होल्कर की ही देन है । सहसंयोजक डॉ नीलेश कुमार तिवारी ने कहा कि होलकर ने अपने राज्य में नारी शिक्षा एवं समाज कल्याण के लिए विविध कार्य किया । बुनकरों के लिए किया गया उनका कार्य आज भी मिल का पत्थर बना हुआ है । उनके द्वारा बसाया गया नगर महेश्वर जो की नर्मदा नदी के तट पर स्थित है उनकी यश गाथा बयान करता है ।

### अहिल्याबाई होलकर के व्यक्तित्व से जनमानस को परिचित कराने का लक्ष्य

मधु राय ने कहा कि कुछ लोगों की गलतियों के चलते हम भारत की महान विभूतियों से आज तक हम परिचित नहीं हो पा रहे हैं। समितियों द्वारा वर्ष भर विभिन्न विद्यालयों महाविद्यालय एवं समाज के बीच जाकर अहिल्याबाई होलकर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व से जनमानस को परिचित कराने का लक्ष्य है। खंड समिति के पदाधिकारियों से इस विषय की महत्ता से परिचित कराते हुए इस विषय को समाज के बीच पहुंचाने का आह्वान किया। समिति के द्वारा किए जाने वाले कार्यों की योजना तैयार की गई तथा क्रियान्वयन के लिए विचार मंथन किया गया। उक्त कार्यक्रम में संतोष रॉय,कुमार वर्मा,शशि कुमार तिवारी,मुकेश देवांगन, मिलाप राम साहू, राजेश घर दीवान, श्रद्धा शुक्ला सहित अन्य उपस्थित रहे।

# डाक विभाग की सेवाएं उपलब्ध कराने साजा में लगाया चौपाल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय डाक विभाग द्वारा आम नागरिकों को भारतीय डाक विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं जैसे 05 वर्ष से कम आयु के बच्चों का निःशुल्क आधार कार्ड बनाना, 10 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं के लिए सुकन्या खाता खोलना, महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण हेतु महिला सम्मान खाता खोलना, पीपीएफ खाता, बचत खाता, दुर्घटना बीमा, वाहन बीमा और डाक जीवन बीमा हेतु डाक-चौपाल लगाया गया।

डाक-चौपाल में महिला बाल विकास की साजा परियोजना द्वारा भी भागीदारी कर बच्चों का आधार बनाने व सुकन्या खाता खुलवाने के लिए हितग्राहियों को साहू समाज भवन साजा में प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में लोकेश्वरी साहू पार्षद वार्ड क्रमांक 03, बिसरू राम साहू पार्षद वार्ड कमांक 04, महिला बाल विकास की परियोजना अधिकारी लता चावड़ा, इंदु कोशले पर्यवेक्षक साजा सेक्टर, गिरजा सोनी पर्यवेक्षक खम्हरिया सेक्टर, उपमा साहू पर्यवेक्षक एवं साजा परियोजना के सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा भारतीय डाक विभाग की ओर से कमल कुमार चौहान प्रबंधक आईपीपीबी बेमेतरा ब्रांच, उपसंभागीय निरीक्षक हेमलाल साहू बेमेतरा उपसंभाग,लेखराज छेदावी डाक अधिदर्शक एवं उपडाकघर साजा के अधीनस्थ सभी ग्रामीण डाक सेवक उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों, डाक विभाग के अधिकारियों तथा महिला बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षकों द्वारा मलिन बस्ती में जाकर बच्चों का आधार बनाया गया।

उन्हें आर्थिक रूप से सुरक्षित बनाने हेतु उनका खाता खोलने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया गया। उपसंभागीय निरीक्षक डाकघर हेमलाल साहू ने बताया कि माह अगस्त में बेमेतरा जिले के 471 ग्रामों में कैंप लगाकर लगभग 7000 बच्चों के खाता खोलने के फॉर्म कलेक्ट किए गए हैं, जिन्हें भारतीय डाक विभाग द्वारा लगातार ओपन किया जा रहा है।

# आज सामूहिक अवकाश पर रहेंगे शिक्षक, कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के साथ करेंगे हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




छत्तीसगढ़ के अधिकारी-कर्मचारी अपने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर 27 सितंबर को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इस आंदोलन में शामिल होने अब शिक्षक भी आवेदन देकर सामूहिक अवकाश ले रहे हैं। हड़ताल के लिए शिक्षकों ने सामूहिक रूप से अवकाश का आवेदन दिया है। केन्द्र के समान 4 फीसदी डीए और लंबित एरियर्स, चार स्तरीय क्रमोन्नत वेतनमान, अर्जित अवकाश नकदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन दिए जाने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है।

- आंदोलन में शामिल होने आवेदन देकर सामूहिक अवकाश लिया

छत्तीसगढ़ शिक्षक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी, महामंत्री छोटेलाल साहू ने बताया कि संगठन से जुड़े सभी शिक्षक संगठनों ने छुट्टी के लिए आवेदन दिया है। साथ ही महासंघ के अलावा संयुक्त शिक्षक महासंघ के जुड़े अन्य शिक्षक संगठन के शिक्षक भी सामूहिक अवकाश ले रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी ने कहा है , लंबे समय से हम अपनी मांग सरकार के सामने रख रहे हैं, लेकिन शासन स्तर पर कोई निर्णय नहीं होने से प्रदेश भर के अधिकारियों व कर्मचारियों और शिक्षकों में नाराजगी व्याप्त है।

मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को सामूहिक अवकाश लिया जाएगा।

**हड़ताल को ऐतिहासिक बनाएंगे**

छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष एवं फेडरेशन के प्रांतीय प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि फेडरेशन के आह्वान पर राज्य कर्मचारियों के चार सूत्रीय प्रमुख मांगों को लेकर 27 सितंबर को राज्य के लाखों कर्मचारी, अधिकारी हड़ताल पर रहेंगे। फेडरेशन के हड़ताल की तैयारी को लेकर राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट, सिंचाई, शिक्षा, पीएचई, संस्कृति, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, लोकनिर्माण, सहित विभिन्न कार्यालयों मे पहुंचकर कर्मचारियों को हड़ताल के लिए आवेदन भरवाया गया। सभी ने आगामी हड़ताल को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाए जाने का निर्णय लिया।

# लोहारडीह कांड पर बिफरा साहू समाज, गृहमंत्री का पुतला फूंका




- समाज के लोगों के साथ लगातार घटना पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कबीरधाम जिले के लोहारडीह गांव में पुलिस प्रताड़ना से युवक प्रशांत साहू की मौत तथा साहू समाज के लोगों को प्रताड़ित किये जाने के विरोध में साहू समाज ने राजधानी में गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला फूंका और प्रदेश के गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग की। इसके साथ ही एसपी अभिषेक पल्लव के बर्खास्तगी की मांग करते हुए शासन- प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

- एसपी को बर्खास्त करने की मांग

राजधानी के तेलघानी चौक में लोहारडीह गांव की घटना को लेकर साहू समाज के विरोध प्रदर्शन कर नाराजगी जताई। पुतला दहन के दौरान साहू समाज के लोगों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा शासन काल में में साहू समाज के ऊपर लगातार अत्याचार हो रहा है । समाज जनों ने कहा कि गृह मंत्री के गृह जिले कबीरधाम में कोमल साहू की मई में हुई हत्या को लेकर शासन -प्रशासन ने गंभीरता नही दिखाई, जिसके चलते शिवप्रसाद साहू, रघुनाथ साहू और प्रशांत साहू की हत्या हुई। साहू समाज के पदाधिकारियों ने प्रशांत साहू शिवप्रसाद साहू एवं रघुनाथ साहू के परिवार को एक- एक करोड़ रूपया मुआवजा, जेल में बंद 70 निर्दोष की रिहाई और एसपी अभिषेक पल्लव को बर्खास्त करने की मांग की है। इसके साथ ही गृहमंत्री विजय शर्मा से इस्तीफा देने की मांग की। समाज के लोगों का यह भी कहना है कि जब तक समाज की मांग पूरी नहीं होतीतब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।पुतला दहन में कार्यक्रम में जिला साहू संघ रायपुर के संरक्षक व पूर्व जिलाध्यक्ष मेघराज साहू अजय साहू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष लीलाधर साहू, जिला उपाध्यक्ष देवकुमार साहू पूर्व जिला सचिव सोनू साहू, पार्षद द्वय अन्नूराम साहू, मनीराम साहू, वारेन साहू, पूर्व यूथ व संभागाध्यक्ष द्वय प्यारेलाल साहू, कृष्ण कांत साहू,पूर्व जिला संयोजक द्वय शशिकांत साहू, विरेन्द्र साहू मुकेश साहू,राज साहू,परमेश्वर साहू, गोलू साहू सहित साहू समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल रहे।



# दमईडीह में मनाई गई पं दीनदयाल की जयंती

**दाढ़ी।** नगर पंचायत दाढ़ी के दमईडीह में भाजपायों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। भाजपा नेता रोहित साहू ने दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित की। बैठक को संबोधित करते हुए रोहित साहू ने दीनदयाल उपाध्याय की जीवन पर प्रकाश डाला और सदस्यता अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओं को सदस्यता दिलवाई। नगर पंचायत दाढ़ी के दमईडिह गांव सदस्यता अभियान के तहत में घर-घर जाकर कार्यकर्ताओं को सदस्यता दिलवाई। कार्यक्रम में नगर पंचायत दाढ़ी के भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

### एम्स मंदिर में पुजारी की नौकरी लगाने का झांसा देकर 11 लाख की ठगी

**रायपुर।** एम्स अस्पताल परिसर स्थित मंदिर में पुजारी की सरकारी नौकरी तथा हर महीने 90 हजार रुपए वेतन मिलने का झांसा देकर ठगी करने के आरोप में पुलिस ने एक महिला और उसकी बेटी को गिरफ्तार किया है। जालसाज मां-बेटी ने पुजारी से नौकरी लगाने के नाम पर 11 लाख रुपए की ठगी की है। घटना आमानाका थाना क्षेत्र की है। पुलिस के अनुसार अजीत कुमार मिश्रा की शिकायत पर पूनम निहाल तथा उसकी बेटी संजना को गिरफ्तार किया है। अजीत ने पुलिस को बताया है कि वह मोहबाबाजार स्थित गौरीशंकर मंदिर में पिछले 15 वर्षों से पूजा कर रहा है। पूनम तथा उसकी बेटी वर्ष 2020 से गौरीशंकर मंदिर में पूजा करने आ रहे हैं। इस दौरान उनकी अजीत के साथ अच्छी जान पहचान हो गई।

# जाति के मामलों में जनप्रतिनिधियों की शिकायतों की जांच एक माह में हो : बोरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आदिम जाति, अनुसूचित जाति, एवं पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त जातीय संबंधी प्रकरणों का समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि आगामी कुछ माह में नगरी निकाय और पंचायत प्रतिनिधियों का निवार्चन होना है। अतः जनप्रतिनिधियों से संबंधित शिकायतों की एक माह के भीतर जांच पड़ताल करते हुए सुनवाई का मौका देकर पूर्ण किया जाए। श्री बोरा की अध्यक्षता में बुधवार को नवा रायपुर अटल नगर स्थित आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति की बैठक हुई।

- नवा रायपुर अटल नगर स्थित आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति की हुई बैठक
- संबंधित शिकायतों की एक माह के भीतर जांच पड़ताल करते हुए सुनवाई का मौका देकर पूर्ण किया जाए

**बारीकी से हो जांच पड़ताल**

श्री बोरा ने अधिकारियों से कहा कि प्राप्त शिकायतों पर बारीकी से जांच-पड़ताल कर संबंधितों को सुनवाई का मौका देते हुए सतर्कता टीम द्वारा रिपोर्ट सौंपा जाए। न्यायालय द्वारा संबंधित प्रकरणों में दिए गए निर्देश को विशेष ध्यान रखते हुए पक्षों को भी दस्तावेज प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया जाए। बैठक में आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के संचालक, सह-सदस्य सचिव पीएस एल्मा, सदस्य सह संचालक भू-अभिलेख रमेश शर्मा, सदस्य सह संचालक सुश्री दिव्या उमेश मिश्रा, सदस्य सह सहायक अनुसंधान अधिकारी आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान डॉ. अनिल विरूलकर सहित सतर्कता टीम के अधिकारी उपस्थित थे।

# विसर्जन कुंड का गंदा पानी खाली करने लगाए 4 बड़े पंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेवघाट के समीप नगर निगम द्वारा बनाये गये विसर्जन कुंड में 4 बड़े मोटर पंप लगाकर लबालब भरे काला और केमिकल युक्त गंदा पानी को बाहर खींचकर निकालने का काम शुरू हो गया है। यह काम 4 दिनों तक लगातार 24 घंटे चलेगा। जोन 8 कमिश्नरी ने मिशन मोड में यह काम हाथ में लिया है। विसर्जन कुंड से मूर्तियों के अवशेष क्रेन व गोताखोरों की सहायता से बाहर निकालने के बाद दूषित पानी को बाहर निकाला जा रहा है। नवरात्रि से पूर्व विसर्जन कुंड की सफाई को लेकर निगम प्रशासन अब एलर्ट मोड में है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेश पर जोन 8 कमिश्नर एके हालदार, कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता की टीम ने महादेवघाट के पास स्थित विसर्जन कुंड में जमा गंदा पानी को बाहर निकालने 1 मड पंप, 2 ट्रैक्टर वाला हैवी पंप और 1 बड़े आकार का डीजल पंप लगाकर पानी खींचने का काम शुरू कराया है। लगातार 24 घंटे यह काम 4 दिनों तक चलेगा। कुंड खाली कर बाहर निकाले जा रहे काले रंग का गंदा पानी नदी में मिलकर दूषित ना हो, इसके लिए कुंड के पीछे वाले हिस्से में नाली बनाई गई है। वहां से यह गंदा पानी चेंबर के माध्यम से चंदनीडीह स्थित एसटीपी में पहुंच रहा है, जहां इसे उपचारित कर दोबारा उपयोग लायक बनाकर नदी में वापस छोड़ा जाएगा।

- नगर निगम ने मिशन मोड पर शुरू किया काम
- 4 दिन में होगा कुंड खाली, चेंबर के जरिये दूषित पानी चंदनीडीह के एसटीपी में जा रहा



**नवरात्रि से पहले कुंड की सफाई दोबारा साफ पानी भरेंगे**

दस दिनों तक चले गणेश विसर्जन के बाद विसर्जन कुंड की सफाई कराई जा रही है। नवरात्रि से पहले कुंड को चकाचक कर इसमें दोबारा साफ पानी भरा जाएगा। इसके साथ ही विसर्जन के बाद कुंड से बाहर निकाले गये ढांचों के ढेर सहित अन्य सामग्री को विक्रय करने जोन 8 ने टेंडर किया है। जल्द ही इसकी नीलामी की प्रक्रिया शुरू होगी।

## खबर संक्षेप

### ड्राइवर महासंगठन ने की नियमों का पालन करने की अपील

**गुरूर।** छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन जिला बालोद व जिला धमतरी ने संगठन के सदस्यों से नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने की अपील की है। जिलाध्यक्ष अनूप मानिकपुरी, कोषाध्यक्ष नोहर सिंग साहू, सचिव सोमनाथ साहू ने कहा कि परिवहन, यातायात एवं पुलिस विभाग द्वारा जांच के दौरान बिना वर्दी, आईडी एवं बिना लाइसेंस के वाहन चलाते पाए जाने पर कार्रवाई की जाती है। इसलिए नियमों का पालन करते हुए ही वाहन चलाने को कहा गया है। वहीं, वाहन चलाने के दौरान नशा नहीं करने की भी अपील की गई है।

### विश्व नदी दिवस मनाया

**दुर्ग।** शहर वार्ड 58 उरला बीड़ी कॉलोनी के आंगनबाड़ी केंद्र प्रांगण में हंसराज नवयुवक मंडल के सदस्यों द्वारा निरंतर गिरते भूजल स्तर में सुधार की महत्ता बताते हुए नदियों के संरक्षण हेतु जागरूक किया गया। इसमें वास्तविक जरूरतमंद लोगों के बनाए हुए गरीबी रेखा का राशन कार्ड वितरण व वृक्षारोपण भी किया गया। इस नेक कार्य में प्रमुख रूप से प्रेम चंद्राकर, छविकांत बघ्घे, जितेंद्र वाघमारे, भिवराम ढेकवार, अर्जुन साहू, भूपेंद्र साहू, झमित ठाकुर, मनप्रीत कौर, आम्रपाली मेश्राम, रीतू राजपूत आदि उपस्थित थे।

### पुण्य भूमि भारत विषय पर व्याख्यान का आयोजन

**दुर्ग।** उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं हेतु तीन सप्ताह के इंडक्शन कार्यक्रम के तहत द्वितीय दिवस पुण्य भूमि भारत विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य प्रकाश कुमार पाण्डेय एवं विवेकानंद यूथ सर्कल के वरिष्ठ समाजसेवी रोशन साहू, विक्रांत मिश्रा एवं संजय तिवारी के सानिध्य में दीप प्रज्ज्वलन कर विधिवत आरंभ किया गया। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन प्रथम सेमेस्टर के प्रभारी डॉ रचना सिंह एवं विभाग के व्याख्याता डॉ राखी जंघेल, गुलशन कुमार ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष विद्युत डॉ साजी टी चाको एवं संस्था परिवार के सदस्यगण उपस्थित थे।

### संजय सिंह बने आप के दुर्ग शहर अध्यक्ष

**दुर्ग।** युवा नेता संजय सिंह को आम आदमी पार्टी का दुर्ग शहर अध्यक्ष बनाया गया है। उनकी यह नियुक्ति आप के छत्तीसगढ़ प्रभारी संजीव झा, सह प्रभारी हरदीप सिंह मुंडिया, गैरी बिरिंग की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू द्वारा की गई है। आप के नवनियुक्त दुर्ग शहर अध्यक्ष संजय सिंह कसारीडीह वार्ड क्रमांक-42 के पूर्व पार्षद रह चुके है।

### कौशल प्रशिक्षण के लिए 3 तक आवेदन

**दुर्ग।** अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवक युवतियों को प्रधानमंत्री अभ्युदया योजना अंतर्गत कौशल विकास के माध्यम से विभिन्न ट्रेडों में कौशल प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जा रहा है। प्रशिक्षण संयोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रसायन उर्वरक मंत्रालय भारत सरकार की संस्था एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र रसमड़ा दुर्ग के माध्यम से निरूशुल्क आवासीय जिसमें निवास भोजन की निशुल्क व्यवस्था प्रशिक्षण दिया जाना है, प्रशिक्षण सफलतापूर्वक होने के उपरांत देश के विभिन्न निर्माण उद्योगों से रोजगार की सहायता दी जाएगी।

## निधन

### प्रकाश चंद कुचेरिया



**बालोद/कुसुमकसा।** ग्राम कुसुमकसा निवासी प्रकाश चंद कुचेरिया 74 वर्ष का राजस्थान के भीलवाड़ा में स्वर्गवास हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 सितंबर को कुसुमकसा से निकलेगी। वे कंवरलाल कुचेरिया, भतीजे संतोष, आशीष जी, जसराज कुचेरिया कुसुमकसा के भाई व मोती लाल कुचेरिया के पिता तथा नैतिक, आरव के दादा थे।

### शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में मनाया गया एनएसएस का स्थापना दिवस

# लोक गायक कांतिकार्तिक ने स्वयंसेवक रहने के दौरान मिले अनुभव साझा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के 55 वें स्थापना दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित लोकगायक व गीतकार कांतिकार्तिक यादव थे, अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ रश्मि सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि एमआईएस प्रशासक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बालोद सृष्टि महोबिया, डीएसपी एवं एनकाउंटर स्पेशलिस्ट अजीत ओगरे, स्वयंसेवक कौशल गजेन्द्र व रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार प्रजापति थे।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ रश्मि सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व और योगदान को बताया और सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांतिकार्तिक यादव ने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से अपने अनुभवों और उपलब्धियों को स्वयंसेवकों को साझा किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सामाजिक जागरूकता कार्य के लिए राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के हाथों इंदिरा गांधी राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रीय पुरस्कार





प्राप्त किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में हिस्सा लेकर कर्तव्य पथ पर परेड किया, साथ ही इंटरनेशनल यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत चीन में छत्तीसगढ़ सहित भारत का प्रतिनिधित्व किया। युवा लोकगायक ने छत्तीसगढ़ी लोक गीतों के माध्यम से सभी का दिल जीत लिया। विशिष्ट अतिथि सृष्टि महोबिया ने प्रेरणादायी कहानी के माध्यम से अपने छात्र जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए जीवन के आदर्श मूल्यों को अपनाने हेतु युवा विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

#### नशे से दूर रहने की दी सीख

विशिष्ट अतिथि अजीत ने स्वयंसेवकों को अपने जीवन के अनुभव और कार्यों को बताया। स्वयंसेवकों को नशा से दूर रहने, यातायात नियमों का पालन करने और वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सोशल मीडिया फेसबुक इंस्टाग्राम का सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करने को कहा व साइबर फ्रॉड के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक मोहित यादव, राजेश कुमार, शुभम देशमुख, सुदर्शन साहू,पूजा कुंभकार, पार्वती, कामिनी साहू, रेशमी साहू, राजेन्द्र पटेल, हेमचंद भारती, ओमप्रकाश साहू, युवाकांत सिन्हा, प्रणव तिवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

#### प्रतियोगिता में इन्होंने मारी बाजी

कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जया सिन्हा, द्वितीय स्थान वैभव देशमुख, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पायल निषाद, द्वितीय स्थान यामिनी देवांगन, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पायल निषाद, द्वितीय स्थान रेणुका कांशी रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक राकेश कुंभकार, दानेश्वर सिन्हा, यशवंत कुमार टंडन ने किया। आभार स्वयंसेवक दानेश्वर सिन्हा ने व्यक्त किया।

## छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के प्रांतीय अधिवेशन में शामिल हुए अंचल के साहित्यकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के प्रांतीय अधिवेशन एवं रजत जयंती समारोह में बालोद जिले के साहित्यकार सीताराम साहू श्याम, जिला अध्यक्ष केशव राम साहू, गजपति राम साहू, दिगेंद्र कुमार, धर्मेंद्र श्रवण शामिल हुए। सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महंत श्यामसुंदर दास दूधाधारी मठ, पूर्व अध्यक्ष राजभाषा आयोग विनय कुमार पाठक, सचिव राजभाषा आयोग डॉ अभिलाषा बेहार, प्रांतीय अध्यक्ष कान्हा कौशिक अतिथियों की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के अनेक साहित्यकारों के काव्य संग्रह एवं कहानी संग्रह का विमोचन किया गया। इस अवसर पर गजपति राम साहू ने अपनी मौलिक प्रकाशित काव्य संग्रह ज्ञान सेतु, भक्ति सरोवर, नीति वाटिका, सूक्ति सरिता, जीवनदीप जले, सीख संपदा आम अमली के बिहाव की प्रति अतिथियों को भेंट की।

## गुरूर थाना क्षेत्र में हुई घटना की जांच करेगी आप की टीम

**बालोद।** जिले के गुरुर थाना क्षेत्र में 7 वर्ष की नाबालिग के साथ हुए जघन्य अपराध की जांच के लिए आम आदमी पार्टी ने जांच टीम गठित की है। आम आदमी पार्टी ने कहा कि संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र की धरती पर एक बार फिर 7 साल की एक मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के कारण शर्मसार हो गया है। मामला गुरुर विकास खण्ड के एक गांव में संचालित पोल्ट्री फार्म का बताया जा रहा है, जहां पर सात वर्ष की एक मासूम बेटी के साथ अनैतिक कृत्य की घटना हुई है। जांच टीम शनिवार को मामले की जांच करने पहुंचेगी, वहीं मामले को लेकर आम आदमी पार्टी गृह मंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री का पुतला दहन करेगी।

## देवारभाट निवासी कोमल सिंह के परिवार को कच्चे मकान से मिली मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

▪ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूरा हुआ अपने पक्के घर का सपना


रोजी मजदूरी कर जीवन यापन कर रहे जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम देवारभाट के निवासी कोमल सिंह का परिवार को अब कच्चे मकान से मुक्ति मिल गई। कोमल सिंह का परिवार काफी लंबे समय से कच्चे मकान में निवासरत था। उन्हें जर्जर हो चुके अपने कच्चे मकान में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। कोमल सिंह के परिवार की इन समस्याओं का समाधान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास




योजना के बालोद जिले में बेहतर क्रियान्वयन से संभव हुआ है। कोमल सिंह ने बताया कि उनका आवास काफी जर्जर हो चुका था। बारिश के दिनों में कच्चे छत से पानी का टपकना, घर में पानी का भर जाना और कभी भी जर्जर मकान के ध्वस्त होने का डर बना रहता था। रोजी–मजदूरी से ही घर का खर्च चलता है जिसमें अपने घर को पक्का बनाने में वे एवं उनके परिवार सक्षम नही थे। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जब उन्हें आवास की स्वीकृति मिली तो उनके परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं था। उन्होंने योजना के तहत आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त की राशि आते ही उन्होंने अपने घर का निर्माण शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शासन में उसके घर के निर्माण कार्य में तेजी आई और अब उनका आवास पूरी तरह पूर्ण हो चुका है। जहाँ कोमल सिंह और उसका परिवार खुशी–खुशी निवासरत है, अब उन्हें पक्का आवास में रहन–सहन में कोई समस्या नहीं आती है। कोमल सिंह और उसके परिवार ने पक्का आवास निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।



### बारिश के बीच प्रस्तुति...



**बालोद।** जिले के कई ग्रामों में पितृ पक्ष की नवमी व दशमी के अवसर पर रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसमें विभिन्न प्रतिभागी मंडलियों द्वारा प्रस्तुति दी जा रही है। इस बीच जिले के कई ग्रामों में आयोजित रामधुनी प्रतियोगिताओं के पहले ही दिन जिले में सुबह से ही तेज बारिश का सिलसिला देखने को मिल रहा है। यह तस्वीर ग्राम हीरापुर में आयोजित रामधुनी प्रतियोगिता की है। इसमें रोचक तस्वीरें सामने आ रही हैं, जहां दूर-दूर के ग्रामों से पहुंची रामधुनी मंडलियों के कलाकार अपनी साज सज्जा वेषभूशा में अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। इस बीच बारिश होने पर वे छाता लेकर अपनी प्रस्तुति देते रहे। इस दौरान समितियों के सदस्य कलाकारों को मंच तक लाने और उन्हें वापस सुरक्षित स्थान तक छोड़ने का काम कर रहे हैं। दर्शक रामधुनी प्रतियोगिता का आनंद लेना भी चाहते हैं वे मंचों के आस पास सुरक्षित स्थानों पर खड़े होकर बारिश से बचते बचाते मंडलियों के कलाकारों का उत्साह वर्धन कर रहे हैं।

## दो घंटे झमाझम बारिश, कहीं राहत, कहीं आफत

### आम जनों को गर्मी व उमस से मिली राहत, किसानों की चिंता बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहर 1 बजे से करीब 2 घंटे तक झमाझम बारिश हुई। बारिश होने से जहां मौसम में नमी आई है, तो वहीं लगातार खराब मौसम से किसानों के फसलों को खासा नुकसान पहुंचने लगा है।

दरअसल खेतों में लगे धान के फसल लगभग 60 प्रतिशत तैयार हो चुकी है, जो आगामी एक से डेढ़ माह में पूरी तरह तैयार हो जाएगी। ऐसे में फसल को लेकर किसानों को चिंता सताने लगी है। क्योंकि बारिश की वजह से फसल नुकसान होने



की संभावना है। इधर शहरी क्षेत्रों में बारिश की वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि बीते दो–तीन दिनों से रुक रुककर बारिश होने का सिलसिला जारी है। ऐसे में मौसम में ठंडकता बढ़ी है और स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है।

#### जर्जर सड़कों पर भरा पानी, गुजरना हुआ मुश्किल

जिला मुख्यालय के गली मोहल्लों में सड़कों की खराब स्थिति के कारण लोगों का गुजरना मुश्किल हो गया है। जगह-जगह गड्ढे और उन गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से लोगों को आवाजाही करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

## रमतरा में शुरू हुई रामधुनी प्रतियोगिता, समापन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

बुधवार को समर्पण युवा दल एवं ग्रामवासी रमतरा के तत्वावधान में तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि नेतराम साहू ने कहा कि जब भी युवा वर्ग कोई अच्छा काम करता है तो धनराशि को भी नेक कार्य में उपयोग करना चाहिए, गलत कार्यों में खर्च न करें। सेवा सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रतापचंद साहू ने कहा कि भगवान राघवेंद्र सरकार के अच्छे विचारों को जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए। सरपंच भानपुरी अरुण साहू ने कहा कि तीन दिवसीय रामधुनी कार्यक्रम में सभी नशे से दूर रहें, तभी यह आयोजन सार्थक होगा। सरपंच सातो बाई ठाकुर ने कहा कि आज युवा वर्ग अच्छे कामों की शुरुआत कर गांव में भगवान राघवेंद्र सरकार की गाथा को जन जन तक पहुंचाने का



प्रयास कर रहा है। यह प्रति वर्ष निरंतर जारी रहे ग्रामीण आप सभी के साथ है। कार्यक्रम को दुलार साहू, मुरली साहू ने भी संबोधित किया।

27 सितम्बर को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानपाठक खोलझर पवन कुमार बम्बोडे होंगे, अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति ललिता पीमन साहू करेंगी। भुनेश्वर साहू घोटिया, देवनारायण बोडरा, डा हेमन्त ग्वालेन्द्र धनेली, भारत लाल हिरवानी, झम्मन हिरवानी, भारत साहू, भोला राम गंजीर पेंवरो विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## सोनईडोंगरी में लगा एनएसएस का एक दिवसीय विशेष शिविर






हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरूर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा के तहत एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम सोनईडोंगरी में किया गया।

महाविद्यालय से राष्ट्रीय सेवा योजना शिवरार्थियों ने ग्राम सोनईडोंगरी में परियोजना कार्य के अंतर्गत गांव में साफ सफाई कर लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। साथ ही खेलकूद का आयोजन भी किया, जिसमे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविरार्थी के साथ गांव वालों ने भी भाग लिया। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत सोनईडोंगरी ऐनु कोठारी थीं, अध्यक्षता महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डामिनी साहू ने की। विशेष अतिथि उपसरपंच ग्राम पंचायत सोनईडोंगरी जितेन्द्र यादव, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति दुलारू राम साहू, अध्यक्ष भाजपा मण्डल गुरूर कौशल साहू, अधिवक्ता रामसहाय साहू, पूर्व अध्यक्ष ग्राम विकास समिति नुतन किशोर साहू उपस्थित थे।

कार्यक्रम में स्वयंसेवक डोमेश कुमार सिन्हा, प्रियंका साहू, रामस्वरूप सिन्हा, उपासना गंजीर, दुर्गेश्वरी पटेल, माधुरी सिन्हा, तेजेश्वर कुमार सिन्हा, मुरली सिन्हा, नरेन्द्र खोब्रागढ़े, हुमन लाल गंजीर, राकेश कुमार पारकर, खेमप्रकाश कटेन्द्र, मुकेश कुमार साहू, वरूण कुमार साहू व ग्राम पंचायत सोनईडोंगरी के वार्ड पंच व पदाधिकारी तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

## टिकरी में डायरिया से दंपति की मौत, 100 से अधिक पीड़ित, फिर स्वास्थ्य विभाग फेल

**अर्जुन्दा।** नगर से लगे ग्राम टिकरी में पिछले चार दिनों से डायरिया का प्रकोप जारी है। गुरुवार को डायरिया के चलते गुरुवार को एक दंपति की मौत हो गई, जिनका देर शाम अंतिम संस्कार किया गया। ज्ञात हो कि हरिभूमि ने कुछ माह पूर्व समाचार प्रकाशित कर पंचायत की लापरवाही का ज़िक्र करते हुए प्रशासन को आगाह किया था, कि लोगों के घरों में नल जल योजना के तहत सप्लाई किए जाने वाले पानी में कीड़े आ रहे हैं। बावजूद इसके न तो पंचायत ने इसकी सुध ली और न ही प्रशासन ने। इसका नतीजा यह हुआ कि ग्राम में डायरिया फैल गया और एक दंपति की मौत हो गई। प्रथम दृष्टया ग्राम पंचायत की लापरवाही के कारण टिकरी गाँव में डायरिया थमने का नाम नहीं ले रहा है। हर दिन डायरिया के रोज नये नये मरीज़ सामने आ रहे हैं। बता दें कि जिस बोर से पीने के पानी की सप्लाई पूरे गाँव में की जाती है, वहीं ग्राम पंचायत की ओर से नाली बना दी गई है। जिसके कारण वहाँ नाली का गंदा पानी जाम हो गया है। माना जा रहा है कि वही गंदा पानी नल जल योजना के तहत गाँव में पहुँचाए जा रहे पानी के साथ घरों तक पहुँच रहा है, जिसके चलते डायरिया का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## भाजपा मंडल गुण्डरदेही ने मनाई पं. दीनदयाल की जयंती

**गुण्डरदेही।** भारतीय जनता पार्टी मंडल गुण्डरदेही द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई गई। साथ ही स्वच्छता अभियान व भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान भी चलाया गया। मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी ने बताया कि सदस्यता अभियान के लिए गुण्डरदेही मंडल के प्रत्येक बूथ में 25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती तक 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया था। जिसे मंडल गुण्डरदेही के कार्यकर्ता लक्ष्य को प्राप्त कर अभियान को गति देते हुए प्रत्येक गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मना कर सदस्यता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चंद्राकर, अश्वनी यादव, सौरभ चोपड़ा, कोमल सोनकर, हरीश निषाद, शंकर यादव, सूरज यादव, सोहन सिन्हा, ईश्वर यदु, मुकेश साहू, दयाराम सिन्हा उपस्थित थे।

## जिला सदस्यता प्रभारी एवं सह प्रभारियों की घोषणा

**बालोद।** संगठन महापर्व सदस्यता अभियान 2024 को गति देने के लिए प्रदेश संयोजक लाभचंद बाफना की अनुशंसा पर सदस्यता अभियान के लिए दुर्ग संभाग प्रभारी कांति लाल भोथरा एवं सह प्रभारी प्रमोद जैन ने दुर्ग संभाग के कुल 7 जिलों बालोद, बेमेतरा, दुर्ग, कबीरधाम, खैरागढ़–छुईखदान–गंडई, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी एवं राजनांदगांव के लिए जिला सदस्यता प्रभारी एवं जिला सदस्यता सह प्रभारी की घोषणा की है। इसके लिए बालोद जिला में जिला संयोजक गोविन्द वाद्यवानी, जिला सह संयोजक राजेन्द्र जैन, जिला प्रभारी जयदीप गुप्ता, जिला सहप्रभारी रमेश जैन को बनाया गया है।

## ग्राम पंचायत धमना में चला स्वच्छता अभियान



**जामगांव आर।** नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में मेरा भारत अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत धमना में किया गया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत नव युवा मित्र मंडल के युवाओं ने प्लास्टिक एकत्रित कर उसका निष्पादन किया गया। नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग के जिला युवा अधिकारी नितिन कुमार शर्मा ने सभी युवाओं से स्वच्छता पखवाड़ा में भागीदारी करने का आग्रह किया है, जिससे स्वच्छता का संदेश सभी लोगों तक पहुँचे। इस अवसर पर भुवन लाल, प्रेमशंकर, छत्रपाल, ढाल सिंह, मुकेश कुमार, समिति के कोषाध्यक्ष प्रेमशंकर ने कहा कि स्वच्छता बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी और कर्तव्य है। सभी लोगों को स्वच्छता के लिए आगे आना चाहिए।

**आयोजन :** बेमेतरा जिले में 20 से 30 सितंबर तक मनाया जा रहा है आयुष्मान पखवाड़ा

# जिले में अब तक 8 लाख लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजनांतर्गत जिला बेमेतरा में 20 से 30 सितंबर तक आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले में आयुष्मान कार्ड पंजीयन, स्वास्थ्य जांच शिविर, पंजीकृत शासकीय चिकित्सालयों को चिकित्सकीय लाभ के लिए पुरस्कृत करने सहित विविध गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

कलेक्टर रणबीर शर्मा व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशवंत ध्रुव ने अपील की कि जिनका भी आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, वे स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मितानिनों व अस्पतालों में सम्पर्क कर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं और योजना का लाभ ले सकते हैं। आयुष्मान पखवाड़ा अंतर्गत जिले के गांव एवं वार्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से छूटे हुए हितग्राहियों का शत-प्रतिशत आयुष्मान पंजीयन किया जाना है। वर्तमान में जिले के 7.98 लाख लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। आयुष्मान पखवाड़ा



अंतर्गत समस्त शासकीय चिकित्सालयों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। जिले में योजनांर्गत पंजीकृत शासकीय चिकित्सकीयो में जिला चिकित्सालय बेमेतरा को वर्ष 2023-24 में जिले में सर्वाधिक क्लेम ब्लॉक किये जाने व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खंडसरा को वर्ष 2023-24 में क्लेम ब्लॉक किया गया, जिसमें से 0 रिजेक्सन क्लेम करने पर कलेक्टर जिला बेमेतरा द्वारा प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया गया।

### 50 हजार से 5 लाख तक की उपचार सुविधा

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, व डॉक्टर खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत 50 हजार से 5 लाख तक पंजीकृत चिकित्सालयों में निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की जाती है। वहीं, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत गंभीर बीमारियों हेतु 25 लाख तक निःशुल्क ईलाज प्रदान किया जाता है। इसके लिए भी हितग्राहियों के पास आयुष्मान कार्ड होना आवश्यक है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का उद्देश्य सभी भारतीय नागरिकों को अस्पतालों, बीमा फर्मों और नागरिकों को आवश्यकता पड़ने पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुँचने में मदद करने के लिए डिजिटल स्वास्थ्य आईडी प्रदान करना है।

# क्षेत्रीय एथलेटिक्स के लिए सुषमा बंजारे का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

विद्या भारती सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा कोनी बिलासपुर में आयोजित प्रांतीय एथलेटिक्स एवं खेलकूद समारोह में सरस्वती शिशु मंदिर नवागढ़ की कक्षा 11वी की छात्रा सुषमा बंजारे का क्षेत्रीय एथलेटिक्स में चयन हुआ था। उन्होंने 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ और 100 मीटर बाधा दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नवागढ़ विद्यालय से चार छात्रों ने प्रांत की प्रतियोगिता में दुर्ग विभाग का प्रतिनिधित्व किया। इनमें से किशोर वर्ग (अंडर -17) में सुषमा बंजारे का चयन खंडवा मध्यप्रदेश में आयोजित क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में हुआ।

छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय के खेल शिक्षक दिलीप जायसवाल, व्यवस्थापक संतोष सिंह खुराना, प्राचार्य श्रीकांत शर्मा प्रधानाचार्य संतोष देवांगन ने खेल के प्रति रुचि लेने वाले सभी भईया बहनों को बधाई देते हुए सुषमा बंजारे की इस उपलब्धि पर बधाई दी।

## ग्राम डुंडा में चला स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बुधवार को बेमेतरा विकासखंड के ग्राम डुंडा स्थित अमृत सरोवर तालाब के आसपास सफाई अभियान चलाया गया। इस सफाई कार्यक्रम में बेमेतरा के विधायक दीपेश साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष रीना वर्मा, सरपंच पार्वती वर्मा, उपसरपंच संदीप वर्मा, अन्य जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और अधिकारी-कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सीईओ जिला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया।

■ अमृत सरोवर तालाब के आसपास की गई सफाई

विधायक दीपेश साहू ने कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता समाज की बुनियादी जरूरत है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में योगदान देना चाहिए।

उन्होंने कहा, स्वच्छता ही सेवा है, जो न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है बल्कि समाज के समग्र विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता का संदेश ग्रामीणों तक पहुँचाया गया। विधायक साहू ने उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई, जिससे उनके आसपास के क्षेत्रों को साफ और स्वस्थ बनाए रखने की प्रेरणा मिली।

## भरचट्टी में नाली निर्माण के लिए जनपद अध्यक्ष चंन्देल ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जनपद अध्यक्ष बेरला प्रीतम सिंह चंदेल ने ग्राम पंचायत भरचट्टी में नाली निर्माण के लिए भूमि पूजन किया।

गांव में नाली निकासी नहीं होने के कारण गलियों में गंदा पानी सड़कों पर भर जाता था। इससे जगह-जगह गड्ढे व कीचड़युक्त गली में हो जाता था। यह समस्या वर्षों से बनी थी, जिसके कारण ग्रामीण लंबे समय से नाली निर्माण की मांग करते आ रहे थे। वहीं, जनपद अध्यक्ष बेरला प्रीतम सिंह चंदेल ने ग्रामीणों की समस्या को संज्ञान में लिया और ग्राम पंचायत भरचट्टी में नाली निर्माण की शुभारंभ व भूमिपूजन किया गया। ग्रामवासियों ने जनपद अध्यक्ष बेरला प्रीतम सिंह चंदेल का आभार जताया।



# डॉ निर्वाणी ने भाजपा की सदस्यता के साथ दिलाई हरियाली की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भाजपा ने अपने पित्र पुरुष स्थापक नेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर प्रत्येक बूथ पर एक ही दिन कम से कम 100 नए सदस्यों को संगठन की सदस्यता दिलाने का लक्ष्य पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को दिया। जिले के अभिभावक मंत्री दयाल दास बघेल जहां खुद नांदल पंचायत में कार्यकर्तों के हौसला अफजाई के लिए डटे रहे, वहीं विधायक दीपेश साहू और ईश्वर साहू ने भी अपने अपने विधानसभा के बूथों के लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्यकर्ताओ से सतत संपर्क में रहे।

मंत्री दयाल दास बघेल के निर्देश पर डॉ सौरभ निर्वाणी को हेमाबन्द और सुरकी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, हेमाबन्द और सुरकी में भाजपा की सदस्यता के साथ साथ डॉ निर्वाणी ने प्रत्येक जुड़ रहे नए सदस्यों को हरियाली का संकल्प दिलाते हुए फलदार पौधे जैसे कटहल,जामुन,आम ,निम्बू,अमरूद ,आवंला के अपने आंगन,खेत,और बाड़ी में लगाने वितरित किए। डॉ सौरभ निर्वाणी ने नये जुड़े भाजपा सदस्यों को पौधा वितरित कर गाँव में हरियाली का संकल्प भी दिलाया। संगठन के निर्देश पर 100 नए सदस्यों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। उन्होंने सदस्यों से कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सदस्य, नेता और कार्यकर्ता राष्ट्रीय चिंतन के साथ राष्ट्र प्रथम है की भावना से राजनीति को समाज सेवा का माध्यम बनाता है। सदस्यता अभियान के दौरान केशव आडिल, कैलाश ,बीरेंद्र भारती, योगेश पुरैना,शांती वारे,पांडु सहित कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

## लक्ष्मण प्रसाद वैद्य कन्या कालेज में हुआ पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम



**बेमेतरा।** लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन में विद्यार्थियों की भागीदारी विषय को केंद्र में रखकर पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथि वक्ता के रूप में युवा समाजसेवी संस्थान के संस्थापक पोषण वर्मा तथा मुख्य वक्ता के रूप में चंचल चौबे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पर्यावरण प्रदूषण पर्यावरण प्रदूषण के कारण प्रभाव एवं उससे बचने के उपायों पर वृहद चर्चा की गई। उसके बाद विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए टोपेंद्र वर्मा तथा अन्य अतिथि उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को नवीन तकनीक एवं आधुनिक कौशलो को सीखने एवं उससे रोजगार के अवसर प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। संस्था प्रमुख डॉ विनिता गौतम ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के कौशल प्राप्त कर स्वयं के व्यक्तित्व का विकास और प्रकृति की सेवा कर मां प्रकृति की रक्षा करने की प्रेरणा दी कार्यक्रम में संस्था के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## साजा विधानसभा क्षेत्र में सीसी रोड व नाली निर्माण के लिए 56 लाख स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधानसभा साजा स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत बेमेतरा जिले साजा विकासखण्ड के विभिन्न गावों में विकास कार्यों के लिए 56 लाख 10 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। ईश्वर साहू विधायक साजा द्वारा अनुशंसित जिला बेमेतरा की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत उक्त स्वीकृति दी है।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय बेमेतरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड साजा के ग्राम पंचायत पिपरिया में सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए 2 लाख 40 हजार रुपये, ग्राम पंचायत भनौरा में 7 लाख 80 हजार रुपये, ग्राम पंचायत पेण्ड्रीकला में 6 लाख 50 हजार रूपये, ग्राम पंचायत खाती के आश्रित ग्राम गाड़ाघाट में सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसी तरह ग्राम पंचायत भरदाकला में 2 लाख 60 हजार रुपये, ग्राम पंचायत तेन्दुवा में 6 लाख 50 हजार रुपये, ग्राम पंचायत भटगांव में 5 लाख रुपये, ग्राम पंचायत पदमी में 3 लाख 75 हजार रुपये, ग्राम पंचायत हरदास में 5 लाख 20 हजार रूपये, ग्राम पचायत तिरियाभाठ में 5 लाख 20 हजार रूपये से सीसी रोड बनाई जाएगी। इसी तरह ग्राम पंचायत परसबोड़ में नाली निर्माण 1 लाख 95 हजार रूपये, ग्राम पंचायत नवागांवकला में नाली निर्माण कार्य के लिए 4 लाख रूपये, की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन निर्माण कार्यों के लिए क्रियान्वयन एजेंसी विधायक निधि विकास योजनांतर्गत से निष्पादित कार्य के बारे में स्थानीय जनता को अवगत कराने के लिए विधायक के नाम सहित विधायक निधि विकास योजनांतर्गत कार्य लिखित सूचनापट कांक्रीट बोर्ड एवं स्पष्ट रूप से कार्य स्थल पर लगाया जाए।

## स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ की ब्लॉक अध्यक्ष बनीं कविता



**साजा।** स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ की ब्लॉक साजा कार्यकारिणी गठन को लेकर बुधवार को बैठक हुई। बैठक में संघ के सदस्यों ने सर्वसम्मति से कविता वानखेड़े को निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति किया गया।

इसके साथ ही पूरी ब्लॉक कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष और कार्यकारणी गठन की प्रकिया संपन्न कराने के लिए ज़िला अध्यक्ष राजेश जायसवाल और ज़िला महामंत्री रामावतार साहू के साथ ही ब्लॉक के सभी महिला पर्यवेक्षक, पुरुष पर्यवेक्षक, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक इस चयन प्रक्रिया में भाग लिया। ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में कविता वानखेड़े को जिम्मेदारी दी गई। ब्लॉक उपाध्यक्ष सुषमा साहू, ब्लॉक महामंत्री नम्रता साहू, ब्लॉक सचिव नेतराम कन्नौजे, ब्लॉक सहसचिव चित्रा साहू, ब्लॉक कोषाध्यक्ष सूरज साहू, ब्लॉक प्रवक्ता सत्येंद्र साहू, ब्लॉक मीडिया प्रभारी भूपेश विश्वकर्मा और प्रचार-प्रसार मंत्री सूरज साहू ब्लॉक संरक्षक भरत साहू को बनाए गए। इस संबंध में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संघ के सभी सदस्यों ने बधाई दी।

**रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र में हुआ दीक्षारंभ**

# जो कक्षा में नियमित रूप से उपस्थित होगा, वह परीक्षा में उतने ही बेहतर ढंग से लिख पाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, बेमेतरा के पहले वर्ष के विद्यार्थियों के लिए दीक्षा आरंभ प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवीन शिक्षा नीति के तहत शिक्षा सत्र 2024-25 में नव प्रवेशित स्नातक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को चार वर्षीय पाठ्यक्रम के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराने हेतु आयोजित पांच दिवसीय प्रेरण कार्यक्रम ''दीक्षा आरंभ'' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए शैक्षणिक प्रभारी डॉ. टी.डी. साहू ने कृषि शिक्षा के विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के अंतर्गत कालेज की समस्त शैक्षणिक गतिविधियों पर परिचर्चा की। उन्होंने कहा कि परीक्षा शिक्षा पद्धति का एक अहम हिस्सा है, जो नियमित कक्षा में उपस्थित होगा, वो परीक्षा में उतना ही बेहतर ढंग से लिख पाएगा। उन्होंने परीक्षा के विभिन्न नियमों से विद्यार्थियों को अवगत कराया तथा मृदा विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर परिचर्चा की।

■ नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए किया गया प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन



एनएसएस समन्वयक डॉ. साक्षी बजाज ने एनएसएस के विभिन्न क्रियाकलापों एवं शिविरों के बारे छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। सहायक प्राध्यापक खेल एवं सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. असित कुमार ने कहा कि पढ़ाई के साथ विश्वविद्यालय में विभिन्न तरह खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होते रहते हैं, जिसमें वो अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। इसके अलावा महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक डॉ. यूके ध्रुव, कुंती बंजारे, डॉ. हेमलता निराला एवं डॉ. भारती बघेल ने अपने विषयों पर जानकारी दी।

### लक्ष्य निर्धारित कर करें पढ़ाई

महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. संदीप भंडारकर ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि लक्ष्य निर्धारित कर सभी लोग नियमित रूप से कक्षा में उपस्थित हों। उन्होंने कालेज की मर्यादा को बरकरार रखने के लिए नियमों का पालन करने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। दीक्षा आरंभ कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजन करने में तकनीकी रूप से डॉ. नूतन सिंह ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी, नवागंतुक प्रथम वर्ष सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024, 14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024, 27 अप्रैल से 11 मई 2025, 02 मई से 16 मई 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशि:-स्लीपर -17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411